प्राप्त दरों पर प्रमाणित क्वालिटी के बीजों की सप्लाई का एक कार्यक्रम तिलहन उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत आरम्भ किया गया है। बीज ग्राम कार्यक्रम के अन्तर्गत, जो तिलहन उत्पादन कार्यक्रम का एक घटक है, भी उन्नत बीज उत्पादन का आयोजन किया जाता है।

**मध्य प्रदेश में सूखा**

595. **श्री लखीराम अग्रवाल :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश के बहुत से इलाके सूखाग्रस्त हो गए हैं ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने सूखे की स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार को प्राकृतिक आपदा कोष से दी गई सहायता के अलावा कितनी सहायता राशि दी है ;

(ग) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश सरकार ने सूखे की स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त धनराशि दिये जाने का अनुरोध किया है और यदि हां, तो वह धनराशि कितनी है; और

(घ) सरकार ने इस संबंध में क्या कदम उठाए हैं और अतिरिक्त धनराशि कब तक उपलब्ध करा दिए जाने की संभावना है ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) :** (क) मध्य प्रदेश सरकार से प्राप्त ज्ञापन के अनुसार राज्य के 26 जिलों में 78 तहसील, सूखे से प्रभावित हुई है, जिसके अंतर्गत 25.00 लाख हैक्टेयर फसली क्षेत्र आता है।

(ख) वर्तमान वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार ने आपदा राहत कोष के अलावा कोई अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता राज्य को नहीं दी है।

(ग) मध्य प्रदेश सरकार ने सूखे से प्रभावित क्षेत्रों में राहत उपाय करने के लिए 220.00 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता की मांग की है।

(घ) क्षति की सीमा और सूखे की स्थिति का सामना करने के लिए अपेक्षित केन्द्रीय सहायता का आकलन करने के लिए सरकार ने मध्य प्रदेश को एक केन्द्रीय दल भेजने का निर्णय लिया है। केन्द्रीय दल की रिपोर्ट मिलने के पश्चात् आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**मध्य प्रदेश में महाराष्ट्र और गुजरात में सूखा**

595. **कु० आलिया :**

**श्री विट्ठलभाई मोतीराम पटेल :**

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस समय मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात को अभूतपूर्व सूखे की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह सच है कि इन राज्यों ने इस स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त सहायता राशि की मांग की है; और

(घ) यदि हां, तो उस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन):** (क) और (ख) राज्य सरकार से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के कुछ भागों को सूखे की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। सूखे की मात्रा निम्न प्रकार बतायी गई है :—

(i) **मध्य प्रदेश :**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | जिलों की संख्या | 26 (आंशिक रूप से) |
| (2) | प्रभावित जन-संख्या | 107.75 लाख |